आकाशवाणी केन्द्र शिमला
29.04.2025/प्रादेशिक समाचार/19.45बजे

<u>मुख्य समाचार</u>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– 21वीं सदी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सरकार बना रही है देश की शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने नवनियुक्त वन मित्रों के प्रशिक्षण के लिए जारी किया मैनुअल।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार द्वार चूड़धार यात्रा पर शुल्क लगाने के फैसले को बताया दुर्भावनापूर्ण।
- आई.जी.एम.सी शिमला से यूरोलॉजी, प्लास्टिक सर्जरी और गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी विभाग पहली मई से चमियाणा हो जाएंगे शिफ्ट।

<u>प्रधानमंत्री–युग्म</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि 21वीं सदी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सरकार देश की शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक बना रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र देश के हर विद्यार्थी के लिए विश्व स्तरीय ज्ञान सुगम बन रहा है। नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में सरकार, शिक्षा समुदाय, उद्योग और नवोन्मेषक समुदाय के नेताओं के पहले रणनीतिक सम्मेलन युग्म को संबोधित करते हुए यह बात कही। प्रधानमंत्री ने कहा कि नई शिक्षा नीति देश में परिवर्तन ला रही है। उन्होंने कहा कि प्रतिभा, स्वभाव और प्रौद्योगिकी की त्रिमूर्ति भारत के भविष्य को परिवर्तित करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत के लिए एआई को उपयोगी बनाने के उद्देश्य से सरकार मेक एआई इन इंडिया के दृष्टिकोण पर कार्य कर रही है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत विकास और सूचना प्रौद्योगिकी अपनाने वाले अग्रणी देशों में शामिल है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज शिमला में नवनियुक्त वन मित्रों के लिए प्रशिक्षण मैनुअल जारी किया। इस मैनुअल का उपयोग वन मित्रों को वन अग्नि प्रबंधन, विभागीय कार्य प्रणाली, नर्सरी प्रबंधन, वृक्षारोपण कार्यक्रम और समग्र वन प्रबंधन के बारे में प्रशिक्षित करने के लिए किया जाएगा। वन मित्र इस वर्ष पहली से 5 मई तक अपनी–अपनी रेंज में प्रशिक्षण लेंगे, इसके लिए सभी वनमंडल अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। वन मित्र भर्ती कार्यक्रम के तहत प्रदेश में अब तक एक हज़ार 8 सौ 96 वन मित्र अपना कार्यभार ग्रहण कर चुके हैं। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर दक्ष प्रशिक्षण प्रदान करने पर ज़ोर दिया, ताकि वन मित्र विभाग की कार्यप्रणाली से अच्छी तरह परिचित होकर अपनी डियूटी प्रभावी ढंग से निभा सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे 15 मई के बाद नवनियुक्त मित्रों से संवाद करेंगे। उन्होंने गर्मियों के मौसम को ध्यान में रखते हुए वन विभाग को जंगलों में आग की घटनाओं के बारे में सतर्क रहने और वनों के संरक्षण के लिए ज़रूरी कदम उठाने के निर्देश दिए।

## अनुराग ठाकुर

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस से सवाल किया है कि वह आखिर किस मज़बूरी में पाकिस्तान की भाषा बोल रही है। अनुराग ठाकुर ने आज नई दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि देशवासियों का खून बहने पर भी कांग्रेस चुप रहती है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान दुनिया का ऐसा अकेला देश है, जिसकी स्टेट पॉलिसी में आतंकवाद को पोषित करने की नीति है। इसके बावजूद कांग्रेस के नेता बार–बार पाकिस्तान का पक्ष ले रहे हैं। उन्होंने पाकिस्तान के पक्ष में बयान देने वाले नेताओं के खिलाफ कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से कार्रवाई की मांग की।

## स्वास्थ्य मंत्री

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा है कि पीजीआई सहित अन्य स्वास्थ्य संस्थानों का हिमकेयर योजना की बकाया राशि का भुगतान 15 मई तक कर दिया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री ने आज सोलन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि हिमकेयर योजना का दुरूपयोग हो रहा था इसीलिए निजी अस्पतालों में इस योजना को बंद किया गया।

स्वास्थ्य मंत्री ने पहलगांव आतंकी हमले की निंदा की और कहा कि इस घटना के जवाब में केंद्र सरकार जो भी कार्रवाई करेगी कांग्रेस उसका समर्थन करेगी।

## अनिरूद्ध

ग्रामीण विकास व पंचायतीराज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने कहा है कि प्रदेश सरकार खेल गतिविधियों का बढ़ावा देने को लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आज कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र के भट्टाकुफर में आयोजित ऑल इंडिया पुरूष व महिला कबड्डी प्रतियोगिता के समापन अवसर पर कहा कि शिक्षा में गुणवत्ता लाने के साथ–साथ सरकार खेलकूद प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास को बढ़ावा दे रही है। अनिरूद्ध सिंह ने कहा कि सरकार बच्चों को नशे से दूर रखने के लिए भी खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने इस मौके पर प्रतियोगिता के पुरूष वर्ग में विजयी रही हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड और उप–विजेता रही महाराष्ट्र बिस्कॉम व महिला वर्ग में विजयी रही हिमाचल और उप–विजेता रही महाराष्ट्र बिस्कॉम की टीम को सम्मानित भी किया।

## जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार द्वारा चूड़धार यात्रा पर शुल्क लगाने के फैसले को दुर्भावनापूर्ण करार दिया है। नेता प्रतिपक्ष ने आज शिमला में कहा कि ये सरकार का हिंदु विरोधी कदम है, जो गलत है। उन्होंने कहा कि चूड़धार स्थित शिरगुल महाराज शिमला, सोलन और सिरमौर के साथ–साथ उत्तराखंड के जौनसार–बावर क्षेत्र के लोगों के ईष्ट देव भी हैं। ऐसे में सरकार द्वारा श्रद्धालुओं पर चूड़धार की यात्रा को लेकर शुल्क लगाना दुर्भाग्यपूर्ण है और इससे सरकार की हिंदु विरोधी मानसिकता भी झलकती है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि वह इस तरह के जनविरोधी फैसलों से बाज़ आएं और चुनावी गारंटियों व घोषणाओं को पूरा करने पर ध्यान दें।

## आईजीएमसी

आई.जी.एम.सी. शिमला से यूरोलॉजी, प्लास्टिक सर्जरी और गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी विभाग, इनके ऑपरेशन थियेटर और प्रयोगशालाएं पहली मई से अटल इंस्टीच्यूट ऑफ मैडिकल सुपर स्पेशिलिटी चमियाणा भट्टाकुफर के लिए स्थानांतरित कर दी जाएंगी। ये जानकारी अटल इंस्टीच्यूट ऑफ सुपर स्पेशिलिटी के प्रधानाचार्य ने आज शिमला में दी। उन्होंने कहा कि इन सभी विभागों की आपातकालीन सेवाएं फिलहाल आई.जी.एम.सी. शिमला से ही चलेंगी।

## हरोली समापन

राज्य स्तरीय हरोली उत्सव आज संपन्न हो गया। समापन समारोह की अध्यक्षता उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने की। उन्होंने हरोली उत्सव के दौरान आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया। अग्निहोत्री ने इस मौके पर कहा कि हरोली उत्सव में बड़ी संख्या में पहुंचे दर्शकों ने समाज में नशे के दुरूपयोग और इसके दुष्प्रभावों का जनता में संदेश फैलाया। उन्होंने ये भी कहा कि हरोली विधानसभा क्षेत्र आदर्श विधानसभा क्षेत्र के रूप में उभरा है और यहां देश के नामी शिक्षण संस्थान खुले हैं। उन्होंने कहा कि हरोली क्षेत्र की तमाम कृषि भूमि को जल्द ही सिंचाई के अंतर्गत लाया जाएगा।

## परशुराम जयंती

आज भगवान परशुराम जयंती है। इस मौके पर प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। चंबा के भटियात विधानसभा क्षेत्र के रायपुर में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि भगवान परशुराम का अवतरण अन्याय, अधर्म और पापों का नाश करने के लिए हुआ था। कुलदीप सिंह पठानिया ने लोगों से भगवान परशुराम का अनुसरण कर जीवन में आगे बढ़ने का आह्वान किया। इधर शिमला में हिमाचल ब्राह्मण सभा द्वारा आयोजित कार्यक्रम की स्थानीय विधायक हरीश जनारथा ने अध्यक्षता की। नगर निगम शिमला के महापौर सुरेंद्र चौहान भी इस मौके पर मौजूद रहे। उधर कुल्लू में जिला ब्राहमण कल्याण सभा ने एक कार्यक्रम में भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शास्त्रों और शस्त्रों की पूजा की।

## भाजपा

भाजपा प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने राज्य में मनरेगा मजदूरों को वेतन न मिलने के लिए प्रदेश सरकार को जिम्मेवार ठहराया है। संदीपनी भारद्वाज ने आज शिमला में कहा कि प्रदेश सरकार ने मनरेगा में अपनी हिस्सेदारी के रूप में एक सौ 23 करोड़ 24 लाख रूपए देने हैं, जो अभी तक नहीं दिए हैं। इसी कारण केंद्र से मिलने वाली मनरेगा की राशि की किश्त लंबित है। संदीपनी भारद्वाज ने इसके लिए प्रदेश सरकार को दोषी ठहराया और कहा कि सुक्खू सरकार अपनी गलतियों के लिए केंद्र सरकार को जिम्मेवार ठहराने का असफल प्रयास कर रही है। उन्होंने ये भी कहा कि केंद्र से हिमाचल के लिए किसी भी योजना का पैसा नहीं रूका है।

जनारथा

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व शिमला के विधायक हरीश जनारथा ने कहा है कि पर्यटन नगरी शिमला सैलानियों के स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि यदि शहर में पेयजल आपूर्ति में कमी आई तो टेंकरों से भी पानी पहुंचाया जाएगा। उन्होंने पर्यटकों को आश्वस्त किया कि उन्हें शिमला में किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।